## स्पीड न्यूज

### हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में उत्साह के साथ विजयादशमी संपन्न



हुसैनाबाद (पलामू)। दशहरा पर्व को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में विजयादशमी (दुर्गा पूजा) उत्सव की धूम रही। लोगों ने दशहरा पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। शनिवार को महाबीर जी भवन दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा बाड़ी दुर्गा पूजा समिति, युवा बाल संघ दुर्गा पूजा समिति, कुर्मी टोला दुर्गा पूजा समिति, चारधाम दुर्गा पूजा समिति, बाबू लाइन जपला सीमेंट फैक्ट्री, गम्हरिया दुर्गा पूजा समिति, मोहम्मदाबाद दुर्गा पूजा समिति आदि क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा भव्य जुलूस के साथ माँ दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी गई। जुलूस शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए देवरी स्थित सोन नदी तट पहुंचा। यहां माता की पूजा आराधना व आरती कर सोन नदी में प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान हुसैनाबाद पुलिस प्रसाशन में उप समरहर्ता गौरांग महतो, एसडीपीओ आईपीएस एस मोहम्मद याकूब, अंचलाधिकारी पंकज कुमार,हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, एसआई आनंत सिंह, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एएसआई कालिका राम समेत के पुलिस कर्मी सक्रिय रहे। इस विसर्जन जुलूस के दौरान भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह, अखिलेश मेहता, बसपा नेता शेर अली, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, बसपा नेता अजय भारती, मन्नू पांडे,सचिन आंनद, सचिन शर्मा, दीनानाथ सोनी,मनीष अग्रवाल उर्फ मिंटू अग्रवाल, राजेंद्र पाल, अजय प्रसाद गुप्ता ,मनीष कश्यप, रंजीत चंदेल, शक्ति पासवान,दिनेश पासवान, पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद, सोहेल आलम,उदय सोनी, राजेश्वर सिंह, गोल्डन यादव, रवि यादव,प्रदीप पटेल, नीतेश पटेल, अजित चौधरी समेत पूजा समिति के हजारों लोग मौजूद थे।

### बड़ी घटना को अंजाम देने के पहले युवक गिरफ्तार



पाटन पलामू। नावा जयपुर थाना अंतर्गत पंचकेड़िया में मूर्ति विसर्जन के दौरान जुलूस से देसी कट्टा के साथ संतु कुमार महतो पिता मुनेश्वर महतो ग्राम कोल्हुआ टोला भितयाही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने कहा कि युवक को देसी लोडेड देसी कटा व दो खोखा के साथ पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था। इसके पूर्व पुलिस उसे दबोच लिया। नावा जयपुर पुलिस पहले से ही सजग थी व क्षेत्र के हर पूजा पंडाल में पैनी नजर बनाये रखी थी।

### हुसैनाबाद में शहीद कुंदन सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद अंतर्गत कुमीर्पुर पंचायत के ग्राम चौउआ चट्टान के मैदान में शहीद कुंदन कुमार सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 अक्तूबर सोमवार को होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष दीपू सिंह ने बताया कि फाइनल मैच में विधायक कमलेश कुमार सिंह को मुख्य अतिथि व भाजपा नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि मैच का शुभारंभ 11 सितंबर को किया गया था। उन्होंने बताया कि मैच की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार दोपहर 2 बजे से कंचनपुर चउवाचट्टान के मैदान में आयोजित है। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच का शुभारंभ विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा किया जायेगा।

### हर्षोल्लास के साथ मना दशहरा पर्व



पाटन पलामू। प्रखंड में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नव दिनों तक चलने वाली शारदीय नवरात्र हवन पूजन के साथ दशमी तिथि को मां दूर्गे की प्रतिमा विसर्जन कर दिया गया। लोगों ने माता को अश्रुपूर्ण नेत्रों से मां को विदाई दी। प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। दशहरा पर्व एवं प्रतिमा विसर्जन को लेकर विशेष रूप से सभी क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा का कमान खुद थाना प्रभारी लालजी ने संभाल रखा था। वहीं देर रात तक लोइंगा ग्राम में मुरती विसर्जन नहीं करने पर पुलिस एवं दुर्गा पूजा कमीटी के लोगों के बीच नोंक झोंक हुआ लेकिन स्थिति को सुझ बुझ से संभालते हुए थाना प्रभारी लालजी ने प्रतिमा विसर्जन कराया।

### माता के दरबार से कोई खाली नहीं जाता : अरविंद



नीलांबर पितांबरपुर। हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला ने कहा कि मां दुर्गे के दरबार से कोई भी भक्त खाली नहीं जाता है। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गे का आशीर्वाद से ही वह क्षेत्र के विकास में लगे हुए हैं । लोगों का प्यार और स्नेह समर्थन उनके साथ है यही कारण है कि वह सभी भक्तजनों और आम लोगों के सहयोग से गांव–गांव टोला – टोला में विकास की कार्य को क्रियान्वित करने सफल हुए हैं । श्री शुक्ला पंचायत क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडाल में भ्रमण के क्रम में उक्त बाते कही। श्री शुक्ल ने झरकटिया में चल रहे नवरात्र व्यास पीठ मंच से क्षेत्र वासियों के लिए मंगल कामना की। मुखिया ने दर्जनों मोटरसाइकल से झरकटिया , सोनसरई, हरतुआ ,डबरा मे स्थापित दुगार्पूजा पंडाल का भ्रमण कर सहयोग राशि दिया । मौके पर ॐ सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी,महेंद्र शुक्ला, उप मुखिया पति बिगावन शुक्ला, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर मिश्रा, अरविंद मिश्रा, विवेकानंद गिरी, रामप्रीत महतो, सुशील तिवारी, वार्ड सदस्य सुशील यादव, दयानंद गिरी, राजीव मिश्रा, विकास यादव, अवधेश राम, अजय राम, कौशलेश गिरी, पीतांबर सिंह, अनुज राम, बबलू राम, सुमंत गिरी, अशोक गिरी, नंदू सिंह, श्रीकांत भारती, राम लगन कुमार रवि, बसंत कुमार रवि, लालू यादव, मिथिलेश यादव, दीपक यादव, पहल यादव, अमित शुक्ला, ओम प्रकाश यादव, सुनील यादव शामिल थे।

### लेस्लीगंज मे दुर्गा पूजा का निकला विसर्जन जुलूस



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हुआ। प्रखंड मुख्यालय में शनिवार की संध्या में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर जुलूस निकाली गई। इसके पूर्व नया बाजार के नवयुवक संघ एवं पुराना बाजार के जय बजरंग संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नवयुवक संघ नया बाजार व जय बजरंग संघ पुराना बाजार का भ्रमण करते हुए लेस्लीगंज तलाब तक गई। इसी तरह प्रखंड के लगभग सभी पूजा समिति के द्वारा दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मौके पर अध्यक्ष दिलीप सोनी, उपाध्यक्ष राजू राय, सचिव पवन सोनी, उपसचिव सुदर्शन सोनी,कोषाध्यक्ष उपस्थित लोग चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, योगेंद्र प्रसाद, साधु चरण प्रसाद,संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र सोनी, नारद पासवान, सतीश मिश्रा,राम सोनी, श्याम सोनी, मुन्ना सोनी, सुजीत सोनी, नवयुवक संघ के अध्यक्ष आनंद कुमार, उपाध्यक्ष मनोज सोनी ,सचिव अभय कुमार, उप सचिव नीरज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, सनी कुमार, गणेश कुमार, चंदन कुमार, लाला प्रसाद यादव, संजय सोनी शामिल थे।

# सिंगरा में कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ प्रारंभ

**श्रीमन नारायण श्रीमन् नारायण के जयघोष से गुंजायमान रहा इलाका**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा में त्रिदंडी प्रपन्नाचार्य जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शनिवार को कलशयात्रा के साथ शुरू हो गया। कलशयात्रा सिंगरा महायज्ञ स्थल से शुरू होकर शहर का विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः सिंगरा अमानत नदी तट पर पहुंचा। मुख्य यजमान के रूप में ददन सिंह सपत्नीक शामिल हुए। बिहार बक्सर से पधारे यज्ञाचार्य विजय कुमार के वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। श्रद्धालु कलश में जल भर कर यज्ञमंडप में पहुंचे जहां यज्ञाचार्य द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया, जिसके बाद यज्ञमंडप में कलश स्थापित किया गया। कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमन् नारायण, श्रीमन नारायण के जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था। कलशयात्रा में पांच रथ पर बाहर से आए संत विराजमान थे। कलशयात्रा में घोड़ा और पारंपरिक ढोल, चोंगा धुतुंगा आकर्षण का केंद्र रहा है। कलशयात्रा में महिला पुरुष पीला व भगवा वस्त्र पहने थे। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पलामू प्रमंडल के लिए बहुत गर्व की बात है कि इतने बड़े संत के नेतृत्व में महायज्ञ आयोजित किया गया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के महायज्ञ से इलाके में सुख-शांति एवं समृद्धि आएगी। यह महायज्ञ पलामू के लिए ऐतिहासिक व अविस्मरणीय रहेगा। इस मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, भाजपा के प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, विभाकर पांडेय, राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमलेश शुक्ला, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, संतोष शुक्ला, रामाधार सिंह, हरेन्द्र सिंह, आनंद सिंह प्रदीप दुबे, संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, हृदयानंद दुबे, स्वामी वशिष्ठ नारायनाचार्य, संतोष शुक्ला, संजय शुक्ला, दिलीप शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, सच्चिदानंद शुक्ला, रामायण शुक्ला, शुक्ला पिंकी, संतोष तिवारी उर्फ पिंकू तिवारी, श्रीकांत मिश्रा, दिनेश मिश्रा, अभय मिश्रा, जयनाथ तिवारी, रामलव चौरसिया भीष्म चौरसिया अश्रेष चौरसिया, ज्ञान धन चौरसिया संटू सिंह, मुकेश सिंह, अम्बुज सिंह, नारद मुनि मिश्र, वृन्दावन मिश्रा, उपप्रमुख धर्मवीर सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, अरुण सिंह, मनोज विश्वकर्मा, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, रुद्रानंद सरस और बिकास दूबे व हजारों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।

### भार्गव सेना ने की जूस, शर्बत और पानी की व्यवस्था



मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा दिन शनिवार को महाराजा पैलेस के पास कलश यात्रियों के लिए जूस, शर्बत, पानी की समुचित व्यवस्था की गई थीं। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश संरक्षक कमलेश शुक्ला ने सिंगरा में जीयर स्वामी जी के चरण पड़ना ही अपने आप में सौभाग्य की बात है। इससे हम सभी ग्राम वासी सहित प्रमंडल के लोग भाग्यशाली है। पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने सभी भक्तों के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही श्री जीयर स्वामी जी का आगमन झारखण्ड के एक मात्र भगवान परशुराम मंदिर पर 18 अक्टूबर को होने जा रहा है इस निमित जिला अध्यक्ष ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों को आमंत्रित भी किया है। इस कार्यक्रम में बसंत शुक्ला, लव शुक्ला, छोटन उपाध्याय, छोटू त्रिपाठी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, आशुतोष तिवारी, संजीत पांडेय, अंकित पांडेय, नगर अध्यक्ष राहुल पाठक, दिलीप शुक्ला,मणि तिवारी, जिला संरक्षक अमित शुक्ला, जिला संयोजक श्याम सुन्दर शुक्ला, अभिषेक रौशन रंजीत शुक्ला, खईकू शुक्ला, निरन्तर शुक्ला, उपेंद्र शुक्ला, अंगद शुक्ला, चन्द्रशेखर तिवारी पप्पू पांडेय. सहित सैकड़ों परशुराम भक्त मौजूद थे।

### राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने किया स्वागत

सिंगरा में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए निकली कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का महाराजा पैलेस के पास राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के जिलाध्यक्ष मधुकर शुक्ला के नेतृत्व में सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए पानी एवं जुस पिलाया। सिंगरा खुर्द शिव मंदिर के पास ग्रामीणों ने कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा किया और पानी की व्यवस्था किया गया। इस मौके पर भार्गव सेना के संरक्षक कमलेश शुक्ला, मुकेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# हर रिश्ते में हम राम खोजते हैं : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चंद्रशेखर आजाद क्लब के द्वारा रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने श्री राम के महत्व को बताते हुए कहा कि एक मां अपना पुत्र राम की तरह चाहती, एक भाई अपना भाई राम की तरह चाहते, एक पत्नी अपना पति राम की तरह चाहती है।

मतलब राम ही संपूर्ण है जिसे हर मां, बाप, भाई, बहन अपनों में देखना चाहते हैं। प्रथम महापौर ने इस वर्ष पूर्व से अधिक 10 हजार से ऊपर भीड़ को देखते हुए कहा कि अब हमारा शहर भी सनातनियों का शहर हो रहा है जहां घर-घर से इस उत्सव को मनाने लोग इस ऐतिहासिक मैदान में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने शहरवासियों को बधाई दी। मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 हम हिंदुओं के लिए स्वर्णिम काल है जहां रामलाल को हमारे प्रधानमंत्री ने टेंट से लाकर मंदिर में विराजमान किया और हम फक्र से अब दर्शन कर पा रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि हमारा देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है, जो बिना हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के बिना असंभव है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सबों ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम को संपन्न कर पा रहे हैं। जिसके लिए उन्होंने शहरवासियों को बधाई दी। सभी लोगों ने कार्यक्रम के आयोजन चंद्रशेखर आजाद क्लब के अध्यक्ष झूलन, सोमनाथ जी एवं सभी साथियों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य एवं चेंबर की महिला विंग की अच्छी भागीदारी देखी गई जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम होता आ रहा।

# पलामू की आवाज जिनेवा में गुंजेगी

**सांसद विष्णु दयाल अधिवेशन में भाग लेने के लिए हुए रवाना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता एवं सांसद विष्णु दयाल राम के लिए बड़े ही गर्व तथा हर्ष की बात है कि उन्हें पुनः 18वीं लोकसभा में पलामू एवं गढ़वा का नाम विदेशों में रौशन करने हेतु लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा नामित किया गया है। राम ने बताया कि अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 149वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए जिनेवा स्वीटजरलैंड में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल मंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, सांसद भर्तहरी महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, अपराजिता सारंगी, राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा, राजीव शुक्ला, ममता मोहंता एवं डॉ सस्मिता पात्रा एवं लोकसभा सचिवालय के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे चुके हैं। उक्त अधिवेशन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित है। आईपीयू संप्रभु देशों की सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है। आईपीयू के लगभग 180 देशों के संसद सदस्य हैं, जो भिन्न-भिन्न विचारधाराओं, आर्थिक और सामाजिक पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करते है। आईपीयू की मीटिंग वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित की जाती है।

# मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** शहर मे गत दस दिनो से चल रहे दशहरा समारोह समापन के अवसर पर स्थानीय दुर्गा मंदिर से रविवार को धुमधाम से मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। जुलूस मार्ग पर एसडीपीओ अवध किशोर यादव, बीडीओ पारितोष कुमार, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, सचिव विकास विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, मुन्ना विश्वकर्मा, मिल्टन गुप्ता, मिथलेश प्रसाद गुप्ता, भीमसेन शर्मा, संजय गुप्ता, बल्लू बलराम, राजीव रंजन, संतोष प्रजापति, रिंकू शौंडिक, बीनू जायसवाल, विजय जायसवाल, बब्लू, ज्ञान प्रकाश, पवन, सुनील शौंडिक, रामजी प्रसाद, अशोक सिंह, संजीव, अमित, प्रिंस, अरविद, राजू गुप्ता, बजरंगी शौंडिक, करण राजवीर, साकेत सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सनातन धर्म सभा ने विश्रामपुर विधायक को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** सनातन धर्म सभा की ओर से विश्रामपुर आरसीटी परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव अवध किशोर राय, संरक्षक मुनेंद्र नाथ दुबे व चंदन दुबे के द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को पगड़ी सहित इटखोरी मां भद्रकाली की चुनरी, मोमेंटो व तलवार भेंट कर सम्मानित किया। चंद्रवंशी ने कहा कि सनातन धर्म हीं हिंदू धर्म है। जिसका न आदि है न अन्त। सनातन धर्म का पालन एक कठिन तपस्या है, जिसके मार्ग पर चलकर व्यक्ति केवल स्वयं के बारे में नही बल्कि विश्व कल्याण के बारे में सोचता व उसी के अनुसार आचरण करता है केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने बताया कि सभा का एक मात्र उद्देश्य लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताना है।

### अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक है विजयादशमी : विधायक



तरहसी पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि अन्याय और अधर्म का विनाश का प्रतीक दशहरा पर्व है। विद्वान और प्रतापी राजा होने के बावजूद रावण घमंडी, अत्याचारी व अधर्मी था इसी कारण भगवान राम ने रावण का संहार किया। आज पाकी विधानसभा क्षेत्र में अन्याय और अधर्म का विनाश कर पाकी विधानसभा क्षेत्र में सदैव सदभाव का प्रकाश फैलाने के उद्देश्य को लेकर वह काम कर रहे हैं। आज कुछ लोग सनातन धर्म को कमजोर कर सनातनियों को परेशान व प्रताड़ित करने का जो लोग दुस्साहस करेंगे वैसे सनातन विरोधियों को करारा जवाब दिया जाएगा। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता शनिवार को तरहसी प्रखण्ड क्षेत्र के कसमार में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित रावन दहन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पूर्व विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गे का आशीर्वाद प्राप्त कर मां दुर्गे से सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि की कामना किया। विधायक ने पूजा समितियों को सम्मानित भी किया। विधायक ने कहा कि आज भी समाज कुछ रावणत्व प्रवृत्ति के लोग हैं वैसे लोगों को चिन्हित करने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि मां दुर्गे की आराधना से जो ऊर्जा मिली है उसे सनातन धर्म के मजबूती में लगाने की जरूरत है क्योंकि कमजोर को कोई पुछता है। आज हम सभी लोगों को संकल्प लेने की जरूरत है कि सनातन धर्म के खिलाफ यदि किसी आवाज उठाने का दुस्साहस किया तो उसे ऐसा करारा जवाब दिया जाएगा ताकि वह फिर किसी सनातनी को आंख दिखाने की हिम्मत न जुटा सके। मौके पर कई लोग शामिल थे।

# हिंदुओं की आस्था से ना खेले प्रशासन :अरुणा

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिला के भंडरिया थाना के मदगड़ी गांव में रविवार को मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों के बीच झडप घटना का कारण विसर्जन का रास्ता प्रशासन द्वारा बदल दिये जाने का हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर घायल को देखने रामानुजगंज अस्पताल पहुंची। मौके पर प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने कहा कि ऐसे मौके पर प्रशासन को संयम से काम लेना चाहिए लेकिन उसकी जगह मदगडी में पुलिस प्रशासन के लोग उग्र होकर हिंदुओं की भावना और आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम किया। जिसके कारण मदगडी में सामान्य स्थिति बिगड़ गयी। वर्षों से जिस मार्ग पर मां दुर्गा का विसर्जन जुलूस निकल रहा था यदि उसे परिवर्तित किया जाना इतना ही जरूरी था तो इस पर कोई भी निर्णय लेने से पहले प्रशासन को हिंदुओं को विश्वास में लेना चाहिए था पर इसके बदले प्रशासन हिंदू समाज के लोगों की आवाज दबाने के लिए गोली और लाठी की भाषा बोल रही है जो गलत है। विसर्जन जूलूस का मार्ग किसी किमत पर बदला नही जाना चाहिए। प्रथम महापौर ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की हैं। प्रथम मेयर ने निहत्थे हिंदुओं पर लाठी और गोली बरसाने वाले दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई होनी चाहिए। बताया गया कि इस घटना में पुलिस की गोली से उदित कुमार गुप्ता में पैर में गोली लगी हैं, जिसे आपरेशन कर निकाला हैं। आरोप हैं कि संजय गुप्ता पुलिस की लाठी से चोटिल हुये हैं। रामानुगंज के चिकित्सकों के अनुसार संजय की पैर की हड्डी टूट गयी हैं । प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने घायल के परिजनों से भी मुलाकात की। कहा कि

# दुर्गा पूजा महोत्सव संपन्न, विश्रामपुर मे सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। डंडिला खुर्द सहित रेहला क्षेत्र के ज्यादातर पंडालों का प्रतिमा 12 अक्तूबर दसवीं को ही रेहला कोयल नदी में विसर्जित किया गया। वहीं बिश्रामपुर नप मुख्यालय में वर्षो से चली आ रही राज परंपरा के अनुसार 13 अक्तूबर एकादसा को प्रतिमा विसर्जित किया गया। समारोह की अध्यक्षता दुर्गा पूजा के अध्यक्ष प्रतिनिधि राजन पांडेय व संचालन विजय कुमार रवि ने किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, संजय पांडेय, प्रेम शंकर दुबे, एस एम एस्ले,पार्षद पूनम देवी, सुनील कुमार चौधरी, शमशेर आलम, श्याम चंद्रवंशी, इदरीश हवारी, यदुनी राम, हरी शंकर सिंह, इसरार अंसारी सहित कई गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### डॉ रवि ने किया महाप्रसाद का वितरण



मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा के महानवमी के अवसर पर पलामू जिले के प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ सह पूजा समिति के संरक्षक डा रवि कुमार ने बाईपास रोड स्थित विद्युत विभाग परिसर में मां शेरावाली क्लब के पूजा पंडाल में अपने निजी खर्च से महानवमी के अवसर पर भव्य महाप्रसाद का वितरण किया। उन्होंने बताया कि चार क्विंटल दूध एवं तसमई के अन्य सामग्री को मिलाकर महाप्रसाद बनाया गया था। जिसका वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि महानवमी के अवसर पर लगभग पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की कृपा से उनके द्वारा दिये गये धन राशि से प्रत्येक वर्ष महाप्रसाद का वितरण नवमी के अवसर पर मेरे द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा है।

# स्व भागीरथी सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने किया उदघाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के उलडण्डा सरजा में स्वतंत्रता सेनानी स्व.भागीरथी सिंह बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने उदघाटन किया। बालक वर्ग में मैच चोरहट पंचायत के बेलवाही और पैरा लातेहार के बीच खेला गया। इसी तरह बालिका वर्ग में कुण्डपानी और सरजा के बीच मुकाबला हुआ। बालक वर्ग में बेलवाही की टीम ने 1-0 मैच जीत लिया। इसी तरह बालिका वर्ग में कुण्डपानी विजेता घोषित की गई। फाइनल मैच का उदघाटन पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बालक और बालिका टीम के बीच काफी रोमांचक हुए टक्कर दोनों टीमों के बीच देखने को मिली। अंत में डिसीजन हुआ। बालक वर्ग की विजेता टीम को 21 हजार नगद और कप प्रदान किया गया। बालक वर्ग में ही द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 11 हजार नगद और कप प्रदान किया गया इसी तरह तृतीय स्थान वाली टीम को 55 सौ नगद और चतुर्थ स्थान वाले को 25 सौ नगद और कप प्रदान किया गया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाली टीम को 6हजार नगद और कप प्रदान किया गया, जबकि दूसरे स्थान वाली टीम को 3 हजार और कप, तीसरे स्थान वाली टीम को 1500 और कप, जबकि चतुर्थ स्थान वाली टीम को 1000 रुपए और कप दिया गया। मौके पर जिप सदस्य छोटन सिंह, प्रमुख प्रेमनी देवी, उप प्रमुख मालती देवी, पूर्व जिप सदस्य पूनम सांग, बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, थाना प्रभारी राजेश रंजन, उलडंडा मुखिया राजकुमारी देवी, रामगढ़ मुखिया उमा प्रसाद, बांसडीह खुर्द मुखिया संगीता देवी, बेड़मा मुखिया सबनम निशा, नावाडीह मुखिया दयानन्द प्रसाद, हुटार मुखिया शोभा देवी, चोरहट मुखिया मोतीलाल मुंडा, समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह, सचिव प्रवीण सिंह, कोषाध्यक्ष दिनानाथ सिंह, सकल लकडा, विशाल एवं सुईबा पुर्ती मौजूद थे।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है दशहरा : श्याम बिहारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** विजया दशमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को संपन्न हो गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की सक्रियता के कारण कही भी अप्रिय घटनाएं नहीं घटी। वहीं सेहरा गांव में आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवी श्याम बिहारी साव ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली हो, अंत मे सत्य और धर्म की ही जीत होती हैं। जिसका उदाहरण रावण जैसे अधर्मी और अहंकारी का अंत है। वहीं मुखिया पति सह सामाजिक कार्यकर्ता लालबिहारी साव ने दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान पूजा पंडाल में अंग वस्त्र देकर जुलूस में शामिल सभी लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दशहरा के दिन ही भगवान श्री राम ने रावण का बध कर माता जानकी को उसके कब्जे से छुड़ाया था इसके लिए प्रभु श्री राम को काफी संघर्ष करना पड़ा व काफी वक्त लगा इसलिए हमें भी हमेशा सच्चाई का साथ देना चाहिए।

मौके पर कमिटी के अरूण कुमार पांडेय, जुगेश्वर यादव, चंदन यादव, उदयनाथ ठाकुर, उपेन्द्र साव, जनेश्वर साव, कमेश यादव, तपेश्वर मोची, राजदेव मोची जगदीश भुइयां, ललन साव, कृष्ण यादव, सुरेश राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गुमला जिले में हर्षोल्लास दशहरा पर्व संपन्न, सभी प्रखंडों में किया गया रावण दहन

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है रावण दहन

● सप्तरंगी आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा जिले में हर्षोल्लास संपन्न हो गया। स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में सप्तरंगी आतिशबाजी व हजारों की भीड़ के बीच बुराई के प्रतीक के रूप में रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया गया। पुतला आग लगने के बाद धू-धू कर जला उठा। रावण दहन के पूर्व स्टेडियम परिसर बम-पटाखों के धमाकों से गुंजता रहा। आकर्षक सप्तरंगी आतिशबाजी से माहौल खुशनुमा हो गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू कुमार सिंह, एसडीओ राजीव नीरज ने रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इससे पूर्व कई पूजा पंडालों की प्रतिमाएं शहर भ्रमण करते हुए अलबर्ट एक्का स्टेडियम पहुंचीं। मां की प्रतिमा स्टेडियम पहुंचने के बाद विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू कुमार सिंह व जिले के अन्य अधिकारियों ने रावण की पटल पर आग लगायी। पुतले में आग लगते ही कई जोरदार धमाके हुए। रावण दहन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। गुमला में अलबर्ट एक्का स्टेडियम के अलावे करौंदी रथ बगीचा, गुमला प्रखंड के मुरकुंडा, डुमरडीह व अन्य स्थानों पर बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके अलावे जिले के जारी, डुमरी, चैनपुर, रायडीह, बिशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, पालकोट, बसिया, कामडारा में भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावण दहन के दौरान सभी स्थानों पर मेला का आयोजन किया गया। विजया दशमी मेले में लोगों ने जमकर चाट-फुचके का लुत्फ भी उठाया।





धू-धू कर जलता रावण का पुतला, रावण दहन करते डीसी व एसपी तथा रावण दहन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

## मां दुर्गे की प्रतिमा के साथ निकली भव्य विसर्जन शोभायात्रा

● मां की आस्था व भक्ति में शोभायात्रा के दौरान झूमे लोग
● सिसई रोड स्थित छठ तालाब में किया गया प्रतिमा का विसर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** दशमी को मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा को वाहन में सजाकर शहर भ्रमण कराया। शोभायात्रा के दौरान मां के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी। लोग अपने घरों से आरती की थाली लेकर मां की पूजा अर्चना की। शोभायात्रा के दौरान लोग मां की आस्था व भक्ति में झूमते रहे।

शोभायात्रा में भक्तों के बीच पूजा समितियों द्वारा प्रसाद का वितरण भी किया गया। रावण दहन के बाद सिसई रोड स्थित छठ तालाब में भक्ति भाव से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में निर्मल कुमार गोयल, रमेश कुमार, अशोक शर्मा, नितेश कुमार लाल, राकेश कुमार, रामनिवास प्रसाद, राजेश सिंह, दामोदर कसेरा, आदि शामिल थे।

### बंगला रीति से मां दुर्गे को दी गयी विदाई, सिंदुर खेला का हुआ आयोजन



● महिलाओं ने की दीर्घ सुहागन रहने की मंगलकामना

**गुमला।** बंगाली रीति रिवाज के अनुसार दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन की प्रातः मां को विदाई देने की प्रसिद्ध परंपरा सिंदुर खेला का आयोजन स्थानीय बंगाली क्लब में किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शनिवार की प्रातः से ही महिलाओं की भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने सर्वप्रथम पान के पत्तों से मां दुर्गा के गाल की सेंकाई की। गाल सेंकाई की रस्म पूरी होने के बाद उन्हें सिंदुर लगाया गया। गोद भराई खोईचा की रीत भी मां के आंचल में चावल डालकर की गई। अंतिम में मां को संदेश यानि मिठाई का भोग भी कराया गया। इन रस्मों को पूरी करने के बाद महिलाओं ने आपस में एक-दूसरे के गालों व चेहरे के अन्य भागों में सिंदुर लगाकर दीर्घ सुहागन रहने की कामना की।

## नवमी को पूजा पंडालों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब



● विभिन्न पूजा पंडालों व घरों में किया गया नव कन्या पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नवमी को मां के दर्शन के लिए पूजा पंडालों में जन सैलाव उमड़ा। सड़क से लेकर पूजा पंडालों तक लोगों की भीड़ मां के दर्शन के लिए लगी रही। हर पूजा पंडाल में भक्तों की भीड़ देखी गई। अष्टमी उपवास रहने के कारण नवमी को मां के दर्शन के लिए सपरिवार लोग घरों से बाहर निकले। शहर के पालकोट रोड स्थित शक्ति संघ, सिसई रोड स्थित अरूणोदय संघ, लोहरदगा रोड स्थित मां भवानी संघ, विश्व भारती संघ, ज्योति संघ, बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर, बंगाली क्लब, महावीर चौक स्थित भारतीय नव युवक संघ, रामनगर स्थित पूजा समिति, करौंदी स्थित मालवीय नगर मंदिर व डुमरीडह पूजा समिति के पंडाल में नवमी के दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। वहीं नवमी के दिन विभिन्न पूजा पंडालों व घरों में नव कन्या पूजन का आयोजन किया गया। साथ ही क्षेत्र के लोगों के लिए पूजा समिति के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### आकर्षण का केन्द्र रही विद्युत चालित मां दुर्गा की झांकी



गुमला। भारतीय नवयुवक संघ व दूधेश्वरी धाम द्वारा विद्युत चालित मां दुर्गा की प्रतिमा गुमला में आकर्षण का केन्द्र रही। सप्तमी, अष्टमी और नवमी की शाम विद्युत चालित मां दुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गयी। झांकी देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्र के लगभग सभी पूजा पंडाल दुधिया रोशनी से जगमग थे।

## भंडरा में नम आंखों से दी गई मां दुर्गे को विदाई

● प्रतिमा विसर्जन के साथ दशहरा संपन्न

**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्र के बाद प्रखंड मे शनिवार को विजयादशमी और दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। त्योहार शांति व सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। गुरुवार व शुक्रवार को लोगों ने विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। अधिकांश जगहों पर शनिवार की शाम प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मांग में सिंदूर लगा कर दुर्गा के भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने का वादा लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा के बाद मां को विदाई दी गई। लोग भक्तिगीतों की धुन पर झुमते दिखे। इस दौरान प्रतिमा के साथ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु माता की जयकार लगाते एवं अबीर गुलाल उड़ते हुए प्रखंड बस्ती भ्रमण में साथ चल रहे थे । माता की निकाली गई शोभा यात्रा को देखने जगह-जगह पर महिला पुरुष युवाओं एवं बच्चों की भीड़ देखी गई कजगह-जगह श्रद्धा भक्ति के साथ झुंड में मौजूद महिलाएं माता की निकाली गई प्रतिमा को रोककर पूजा अर्चना करते एवं लोग माता की प्रसाद के लिए उत्सुक देखे गए। विसर्जन के लिए प्रखंड के प्रतिमाओं में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं प्रतिमा के सफल विसर्जन के लिए विसर्जन जुलूस के साथ सीओ दुर्गा कुमार,थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के अलावे अन्य अधिकारी मौजूद थे। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर प्रशासनिक निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को सुबह 12:00 बजे से ही बंद कर दिया गया था। देर रात पुनः बिजली आपूर्ति शुरू की गई।



## अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है दशहरा पर्व : धीरज प्रसाद साहू

● जिले में धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न, रावण दहन के दौरान आतिशबाजी ने सबका मन मोहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में विजयदशमी और दशहरा को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखा गया। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सीडीपा मैदान मे विजयदशमी के मौके पर रावण दहन और दशहरा मेला का भव्य आयोजन केद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा किया गया। जिसमे करीब 50 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा रावण दहन और मेला का आयोजन किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और बतौर अतिथि जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एसपी हारिश बीन जमा के अलावा कई अधिकारी और शहर के गन्यमान लोग शामिल हुए। रावण दहन कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस वर्ष 65 फीट ऊंचा रावण का पुतला का निर्माण किया गया था उसके साथ मेघनाथ और कुंभकरण का 55-55 फीट ऊंचा पुतला बनाया गया था। रावण दहन कार्यक्रम और मेला घूमने गांवों और शहर से हजारों लोग पहुंचे थे। मेले में रावण दहन के साथ आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विद्युत सज्जा और बेहतर पंडाल निर्माण करने वाले पूजा समितियों को पुरस्कृत भी किया गया। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने राज्य वासियों को दशहरा का शुभकामनाएं देते हुए आयोजनकर्ता का आभार व्यक्त कर लोगो का मेले में उत्साह देख काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है दशहरा पर्व। असत्य पर सत्य की जीत का संदेश हमे इस पर्व से मिलता है। हम सबों को भी अपने अंदर की बुराई को खत्म कर अच्छाई के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्यौहार काफी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ इसके लिए सभी बधाई के हकदार है। उन्होंने कहा की इसी तरह सभी पर्व मिल जुलकर लोग मनाए।

एसपी हारीश बिन जमा ने कहा कि दशहरा पर्व हमें बुराई पर अच्छाई का जीत का संदेश देता है। इस मौके पर केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने सभी अतिथियों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राम सीता लक्ष्मण और हनुमान के वेश में सुंदर झांकी भी निकाली गई।




### घाघरा में दुर्गा पूजा समिति ने किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा।** घाघरा चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा दशहरा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी तरुण कुमार, जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, भाजपा नेता अशोक उरांव, पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। वहीं कलाकारों द्वारा भक्ति हिंदी भोजपुरी नागपुरी जैसे कई गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है। आप सभी श्रोता शांतिपूर्ण अनुशासन में रहकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं। माता रानी का आप सभी पर आशीष बना रहे। वहीं अन्य अतिथियों ने भी संबोधन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का लुफ्त उठाने की बात कही। इसके पूर्व अतिथियों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में समिति के कई सदस्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री बिन्देश्वर उरांव ने विजयादशमी के अवसर पर भंडरा में किया रावण दहन




**भंडरा।** दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई का विजय पर्व है। हम आज इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर इस पर्व की खुशियों को बांट रहे हैं। इस अवसर पर भंडरा प्रखंड वासियों को दशहरा एवं विजयदशमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिन्देश्वर उरांव विजयादशमी के अवसर पर भंडरा नव युवक संघ दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा भंडरा थाने के समीप में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर आतिशबाजी का मनभावन नजारा का हजारों लोगो ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सक डॉ संजय कुमार, देवेंद्र साहू, राजू शर्मा, अनीता साहू, दिलीप साहू, अनिल साहू, मुखिया इन्दर उरांव, शशिकांत उरांव, भीम साहू, सुरेश साहू, देवेंद्र साहू, हेमंत यादव, शिव शंकर सिंह, बैजु साहू, रोहित साहू, रंजीत यादव, कैलाश साहू सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पूजा पंडाल में बीआईडी और लाइट में हरिजन स्कूल को मिला प्रथम पुरस्कार



**लोहरदगा।** जिले में इस वर्ष दुर्गा पूजा को लेकर अलग अलग थीम पर 50 से ज्यादा पूजा पंडाल का निर्माण किया गया था। बेहतर पंडाल निर्माण करने वाले पूजा समिति को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिले के बीआईडी दुर्गा पूजा समिति द्वारा भगवान श्री राम के पिता राजा दशरथ के महल के थीम पर भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया था जिसे जिले में प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूजा समिति को पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एसपी हारिश बीन जमा और केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही दूसरा स्थान जिले के साइडिंग बस स्टैंड पूजा पंडाल को मिला जो वेटिकन सिटी की थीम पर बनी थी। वही पंडाल सज्जा में तृतीय पुरस्कार थाना टोली को दिया गया। जबकि लाइट सज्जा में हरिजन स्कूल प्रथम, तेतरतर द्वितीय और मैना बगीचा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में पंडाल सज्जा में कुडू बस स्टैंड को प्रथम तथा बरही को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वही ग्रामीण क्षेत्र में लाइट सज्जा में भंडरा को प्रथम तथा किस्को को द्वितीय स्थान दिया गया। सभी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### धूमधाम व भक्तिमय वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न



कैरो। प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में धूमधाम व भक्तिमय वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न हुआ। महामंत्रों से 9 दिनों तक पूरा प्रखंड क्षेत्र गूंजता रहा । कलश स्थापना से लेकर महानवमी तक माँ दुर्गा की अलग अलग रुपों की पूजा-अर्चना, पाठ के बाद अष्टमी के दिन उपवास रहकर भक्तों ने माता रानी की विधिवत पूजा अर्चना कर संधि बलि में शामिल हुए। जिसको लेकर अलग अलग सार्वजनिक पूजा पंडाल व निजी घरों में बलि व कन्या भोजन कार्यक्रम सपन्न हुआ। दशमी के दिन हनहट, नगजुवा व कैरो में प्रतिमा का विषर्जन भक्तिमय वातावरण में नाचते गाते हुए किया गया। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रतिमा विषर्जन के बाद भव्य रावण दहन कार्यक्रम भी आयोजित की गई जो अभूतपूर्व रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति कैरो में अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, संजय महतो, बजरंग प्रसाद, मनोज पांडेय, हनहट में सुनील यादव, मोहन साहू, बसंत महतो, गोविंद महतो,श्यामशुन्दर उरांव, विनोद सिंह नगजुवा में रामबुझावन साहू, अवधकिशोर साहू, मनिंदर साह, सतेश्वर साह, दिलीप सिंह सहित आयोजक समिति के सदस्यों का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने किया चैतन्य झांकी का आयोजन



गुमला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा गुमला के घाटो बगीचा स्थित शिव दर्शन भवन में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन अष्टमी और नवमी के दिन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा नेता मिशिर कुजूर, संजय वर्मा, बालकेश्वर सिंह सहित कई लोग शामिल हुए। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका शांति बहन के द्वारा का स्वागत किया गया। झांकी में विशेष महिषासुर वध का प्रसंग दिखाया गया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### महिला पुरुष समानता पर पूजा पंडालों में किशोरों ने चलाया जागरूकता अभियान

**गुमला।** सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तत्वाधान में समाज में महिला पुरुष समानता लाने के उद्देश्य से बसिया प्रखंड के पूजा पंडालों में दुर्गा पूजा के अवसर पर किशोरों द्वारा पोस्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं आम जन को जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन हेतु आए किशोर किशोरी महिला पुरुष को बैनर पोस्टर के माध्यम से यह संदेश देना था कि समाज में व्याप्त लिंग असमानता को कैसे कम किया जा सके। इस असमानता के कारण किशोरियों और महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता है। इस जागरूकता कार्यक्रम में किशोरों द्वारा सभी श्रद्धालुओं को सन्देश दिया गया कि महिला पुरुष में जो असमानता है। यह समाज के द्वारा बनाया गया एवं इस असमानता के कारण लड़कियों को आगे आने का मौका नहीं मिल पाता है। ये अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती है। हम सभी को मिलकर इस असमानता को दूर करना होगा और एक समता मूलक समाज का निर्माण करना होगा।

### भालू ने ग्रामीण को काटकर किया जख्मी

घाघरा। सेरेंगदाग पकरीपाट निवासी सुदर्शन भगत को जंगली भालू ने हमला कर घायल कर दिया।मुख्यालय से दूरी होने के कारण ग्रामीणों द्वारा घायल को मोटरसाइकिल में लेकर रविवार को सुबह 9 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे।जहां प्राथमिक उपचार चिकित्सक द्वारा किया गया। घटना के संबंध में सुदर्शन भगत ने बताया कि वह आज प्रातः 5:45 में सलगी हड़डूबा के जंगल के समीप खेत में लगाए आलू देखने के लिए लगे गूंदली खेत के रास्ते वह जा रहा था। इसी बीच अचानक जंगली भालू ने हमला कर दिया। हालांकि सुदर्शन ने हिम्मत दिखाते हुए भालू से सीधे लड़ाई कर दी। जिससे भालू का सुदर्शन शिकार नहीं बन सका। इसी क्रम में भालू ने मुंह से सुदर्शन का हाथ को काट डाला। जिससे सुदर्शन घायल हो गया। इसके बाद जंगली भालू वहा से भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर मजदूर नेता सनिया उरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच घटना की जानकारी ली। वहीं वन विभाग के फॉरेस्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच घायल का आर्थिक सहयोग किया।

### अधेड़ की हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जनावल पंचायत अंतर्गत भुंडुटोली में बीते दिनों पुलिस ने गांव के अधेड़ व्यक्ति जोहन एक्का का शव बरामद किया था। जिसकी हत्या पत्थर से कूच कर की गई थी। पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर गुमला पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया था और मामले की छानबीन में जुट कर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी डीपाडीह जनावल निवासी राकेश तिर्की पिता स्व. लिबिन तिर्की को गिरफ्तार कर लिया। चैनपुर थाना में प्रेस वार्ता करते हुए चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललीत मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भुंडुटोली निवासी फुलकेरिया एक्का ने चैनपुर थाना में अपने पति की हत्या का मामला दर्ज कराया था। जिसको लेकर पुलिस के द्वारा जांच टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई। इसी क्रम में पुलिस ने चार पांच लोगों से पूछताछ शुरू की। जिसमें एक की भूमिका संदिग्ध लगने पर उससे कड़ी पूछताछ करने पर राकेश तिर्की ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वहीं उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सना पत्थर भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि हत्या पूर्व में मामूली विवाद के कारण हुआ है। कुछ दिन पहले मृतक और आरोपी का आपस में कहासुनी हुआ था। उसी को लेकर राकेश ने जोहन की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी थी। छापामारी दल में मुख्य रूप से चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललीत मीणा, पुलिस निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी,पुअनि दिनेश कुमार, सअनि प्रदीप मेहता सहित सैट के जवान शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**लोहरदगा, कुडू।** थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के समीप सुंदरू रोड में हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। घटना नवमी रात की बताई जा रही है। घायलों को स्थानीय लोगों ने कूडू स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों को दोनो घायलों की मृत्यु की पुष्टि की उसके पश्चात शनिवार को दोनो शवों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया है। पोस्टमार्टम उपरांत शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी अनुसार शिंजो निवासी अशरफ अंसारी का 18 वर्षीय पुत्र आसिफ अंसारी और साजिद अंसारी का 20 वर्षीय पुत्र दिलशाद अंसारी शादी समारोह में भाग लेने कुडू आए हुए थे इसी क्रम में वे कुडू से बाइक पर वापस सुंदरू जा रहे थे। बाइक चालक ने असुंतलित हो बाइक से सड़क किनारे लगे पेड़ को टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर हो दोनो की मौत हो गई।

### बॉक्साइट माइन्स के मजदूरों ने भुगतान नहीं होने पर पेट में गमछा लपेटकर किया खनन कार्य



घाघरा। आदित्य बिरला समूह की बॉक्साइट खनन कंपनी हिंडाल्को के द्वारा भैंस बथान बॉक्साइट माइन्स में कार्यरत मजदूरों को त्यौहार के अवसर पर भी मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में खनन मजदूरों ने पेट में गमछा लपेटकर खनन का कार्य किया। इस संबंध में झारखंड जेनरल कामगार यूनियन मजदूर नेता जिला अध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि श्रम कानून के अनुसार महीने की पहली तारीख से 10 तारीख तक मजदूरों को मजदूरी का भुगतान कर दिया जाना चाहिए। लेकिन खनन कंपनी के तानाशाही पूर्ण रवैया के कारण मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि बोनस का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। वेतन नहीं मिलने पर पेट की भूख दिखाने को लेकर विरोध में खनन का कार्य पेट में गमछा लपेटकर किया गया है।

स्पीड न्यूज

# मां फिर आना.... शब्दों के साथ भक्तों ने मां दुर्गा को दी अंतिम विदाई

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ दुर्गापूजा का विसर्जन, प्रशासन और सामाजिक संगठन रहे सतर्क

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बड़ौदा घाट से लेकर बोधनवाला घाट,दोमुहानी घाट से लेकर मानगो गांधी घाट तक आज दुर्गापूजा विसर्जन को लेकर देर शाम तक चहल-पहल रही। भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा को यह कहते हुए विदाई दी कि हे मां अगले साल फिर आना। इसके पूर्व महिलाओं ने पूजा पंडालों में मां दुर्गा को सिंदुर लगा कर उनकी विदाई दी। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को भी सिंदुर लगाया। विसर्जन जुलूस बड़े-बड़े पूजा पंडालों से लेकर विभिन्न सोसायटियों से भी निकला। सोसायटियों के विसर्जन जुलूस में महिलाओं और बच्चे-बच्चियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। तासे की धून पर महिलाओं और बच्चे-बच्चियों ने खूब डांस किया और अबीर उड़ाया। विसर्जन जुलूस के दौरान प्रशासन बहुत सक्रिय रहा। रास्ते भर जुलूस को बेहद शालीनता से पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पार कराया। प्रशासन की सर्तकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बोधनवाला घाट की खतरनाक ढलान से पहले ही ट्रक रोक दिए जा रहे थे और क्रेन के जरिए नदी के भीतर धीरे-धीरे प्रतिमाओं को ले जाया जा रहा था। हालांकि कुछ पूजा कमेटियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से यह कहते हुए विरोध किया कि इससे विसर्जन में बहुत समय लग जायेगा, किन्तु अधिकारियों का कहना था कि श्रद्धालुओं की जान की खातिर आप लोग थोड़ा धैर्य रखिए।

बता दें कि बीते वर्ष प्रतिमा लेकर आ रहा एक ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने से कई लोगों को रौंद दिया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी।









### मां दुर्गा की विसर्जन में सिविलो डिफेंस के स्वयंसेवक रहे सक्रिय

**जमशेदपुर।** विज्यादशमी के दिन मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन में सिविल डिफेंस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण काफी सक्रिय रहे। स्वर्णरेखा नदी घाट मानगो समेत जिले के विभिन्न घाटों पर मूर्ति विसर्जन में सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता गण जिला प्रशासन के साथ श्रद्धालुओं की सहायता में डटे रहे और मूर्ति विसर्जन में सार्थक भूमिका निभाई। अनुमंडल पदाधिकारी सह सिविल डिफेंस जमशेदपुर के उप नियंत्रक शताब्दी मजुमदार मैडम के निर्देश पर सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओ ने विज्यादशमी महापर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाई। मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम 13 अक्तटूबर के अलावा एक दिन पूर्व मे 12 अक्टूबर को भी हुआ। लेकिन अधिकांश दुर्गा पंडाल की मूर्तियां का विसर्जन 13 अक्टूबर को ही किया गया। इस दौरान सिविल डिफेंस के पदाधिकारी सुरेश प्रसाद के सफल नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक स्वयसेवकों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम योगदान दिया।

### कांड्रा में चंपई सोरेन ने किया रावण दहन

**गंहरिया।** गम्हरिया प्रखंड के कांड्रा स्थित एसकेजी मैदान में महादशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि अत्याचारी रावण को जलाकर असत्य पर सत्य की जीत हुई। विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कहा कि प्रतिवर्ष हम रावण को जलाते हैं। ठीक उसी प्रकार समाज में अत्याचार, दुराचार फैलाने वाले लोगों को रावण की तरह जला देना है। उन्होंने कहा कि अच्छाई का यह प्रतीक हमें संदेश देता है कि समाज में मिलजुल कर रहना है। आपसी भाईचारे को बढ़ाना है। इस दौरान रावण दहन को देखने आसपास के गांवों से हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पूर्व सीएम ने आतिशबाजी कर रावण दहन किया। इस दौरान करीब एक घंटे तक रंग बिरंगी आतिशबाजियों का लोगो ने खूब लुत्फ उठाया। इस मौके पर रंगारंग नृत्य, संगीत आदि का आयोजन भी किया गया।

### चंपई सोरेन ने हल्दीपोखर के पूजा पंडाल में पूजा अर्चना की

**पोटका।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दुर्गा पूजा में महाअष्टमी के अवसर पर पोटका प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर नमन किया। पूर्व मुख्यमंत्री सर्वसम्मति हाता के सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। तंदुरुस्त उनका काफिला हल्दीपोखर,खैरपाल,माटकू सहित अन्य पूजा पंडाल पहुंचा एवं मां दुर्गा को नमन कर आशीर्वाद लिया। मौके पर उन्होंने कहा देवी शक्ति मां दुर्गा झारखंड सहित देश को खुशहाल रखें, यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों का मां दुर्गा नाश करें, ताकि देश शांति और समृद्धिशाली बने। इस अवसर पर बबलू सोरेन,सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत कुंडू, सचिव शैलेन गुहा,तपन पालित, गणेश सरदार,चंदन लाल, संजय कुंडू, दिलीप अग्रवाल,दिलीप राम, विशाल गुप्ता,अंजय सिंह,मनोज राम, महेंद्र सिंह, अमित पाल, रमेश मोदी, विष्णु कुंभकार, बिट्टू सोनकर, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, राहुल गुप्ता,विक्की गुप्ता,सुदीप पालित सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। इसके पूर्व चौपाई सोरेन का पारंपरिक तरीके से बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।

### सविता महतो ने कुंकड़ू व नीमडीह में पांच योजनाओ का किया भूमिपूजन

**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत कुकडू व नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में पांच महत्वपूर्ण सड़कों का भूमि पूजन / शीलान्यास रविवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। शीलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि डेरे से रेलवे लाईन तक 1.5 किमी सड़क 94 लाख, लेटेमदा से जारगो 2.8 किमी सड़क 1 करोड़ 78 लाख, रुपरु से सिरुम 2.06 किमी 1 करोड़ 28 लाख, छातारडीह से जारगो 4.5 किमी 2 करोड़ 81 लाख रुपये व नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के रामनगर बांदू पथ से हेवन से लावा होते हुए आंडा तक 9.8 किमी 7 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से निर्माण होगा। उन्होंने कहा सड़को का निर्माण होने से ग्रामीणों को यातायात में सुबीधा होगी।

# जमशेदपुर पश्चिम में बहती रहेगी विकास की अविरल गंगा : मंत्री बन्ना गुप्ता

### बन्ना गुप्ता ने दिया 28 करोड़ रुपये का दशहरा गिफ्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने पथ निर्माण विभाग अंतर्गत 26.5 करोड़ रुपए की मानगो केदार बागान में संकोसाई रोड नंबर 5 से गुडरूबासा डिमना बस्ती,हयात बस्ती रोड बालीगुमा बागान क्षेत्र से जे.वी.महतो होम रोड, संकोसाई रोड नंबर 05 पुल के पास से केदार बागान रोड,यशु भवन (ओल्ड पुरुलिया रोड पर) से अलीबाग कॉलोनी रोड , मानगो-पारडीह रोड नंबर 2 से रोड नंबर 07 मदीना मस्जिद रोड तक,मानगो डिमना रोड से राजेंद्रनगर रोड,मानगो पारडीह रोड से एकरा बस्ती हलधर महतो कॉलोनी,मानगो मैंन रोड से गुरुद्वारा रोड नजरिया मजार लाइन रोड,पोस्ट ऑफिस रोड लूथी टावर से ग्रीन फील्ड कॉलोनी,पोस्ट ऑफिस रोड से वास्तु विहार होते हुए वैकुंठ नगर,मानगो बाजार टैंक रोड से पायल टॉकीज उलीडीह रोड,एनएच-33 मंगल कॉलोनी से एनएच- 33 शांति विहार,बालिगुमा एनएच- 33 से न्यू ग्रीन सिटी होते हुए खड़िया बस्ती गंगा विहार में कालीकृत सड़क निर्माण साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तगर्त पूर्वी सिंहभूम जिला के मानगो डिमना आदर्श नगर से गोकुलनगर के बीच जगन्नाथ महतो के घर के पास नाला पर पुल,नगर विकास विभाग अंतर्गत 22 लाख रुपए से कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक न.3 एवं कदमा रामजन्म नगर में छठ घाट निर्माण, नगर विकास विभाग अंतर्गत 1.26 करोड़ रुपए से जोगर्स पार्क नियर शहीद निर्मल सेवा सदन शास्त्रीनगर ब्लॉक नं. 3 का सौदर्याकरण होर्टिकल्चर लैंड स्केपिंग के साथ चहारदिवारी मजबूतीकरण कार्य हेतु विधिवत पूजा अर्चना नारियल फोड़ विभिन्न योजनाओं के कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विकास का कार्य ना रुका था ना रुकेगा।

मैं व्यक्तिगत रूप से अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले एवं सोसायटी का निरीक्षण करते हुए लोगों से मिलता भी हूं और ऑन स्पॉट समस्या को सुनकर समाधान करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि आज कई योजनाओं के कार्य का शुभारंभ किया हूं ताकि क्षेत्र में विकास की गंगा अनवरत बहती रहे। इस दौरान प्रभात ठाकुर,बबुआ झा, सुभाष बोस, रूपेश कुमार,अमित प्रसाद, सोंटी रजक, चिराग सिंह,जितेंद्र सिंह, राजकुमार दास, राजेश रजक,राजू दास, अभिषेक मोहंती, अशोक सिंह, नीतीश पोद्दार, मुकेश गुप्ता, नीतीश मित्तल, राकेश दास, सुरेंद्र गुप्ता,अखिलेश सिंह, जीतू, दुर्गा सिंह, पप्पू सिंह उज्जैन, जयंत, सुबोध पाल, सोनू उपाध्याय,उत्तम मंडल, माजिद अख्तर ,छोटू, सहित समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बहुत से कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## भूमिहार ब्राम्हण विवाह बंधन डिजिटल पत्रिका के पांचवें संस्करण का लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भूमिहार ब्राह्मण विवाह बंधन डिजिटल पत्रिका २०२४-२५ के पांचवें संस्करण का विमोचन विजयादशमी के दिन टेलीग्राम ऑनलाइन बैठक के माध्यम से संपन्न हुआ। पत्रिका का विमोचन हुलासगंज, गया के प्रसिद्ध आचार्य रंगेश जी महाराज के द्वारा किया गया। इस पत्रिका में शादी विवाह से संबंधित सभी प्रकार के जरूरत का खुबसूरती से संकलन किया गया है। सभी परिवार को अपने बच्चे बच्चियों के शादी विवाह करने के समय इस तरह के पत्रिका की काफी आवश्यकता होती है। इस पत्रिका में लड़की, लड़का, मांगलिक, इंजिनियर, डॉक्टर, विदेशी परिवार, दूसरी शादी से संबंधित अलग अलग संकलन तैयार कर प्रकाशित किया गया है ताकि किसी भी परिवार को अपने समतुल्य परिवार खोजने में बहुत ज्यादा मशक्कत ना करना पड़े। विमोचन के दौरान देश के लगभग सभी राज्यों के प्रतिनिधि एवं कनाडा के भी प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने इस पत्रिका की काफी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि आज के भागदौड़ भरी व्यस्तम जिंदगी में यह पत्रिका मील का पत्थर साबित होगा। सभी ने दहेज प्रथा का काफी आलोचना की और कहा कि इस प्रकार की घिनौनी प्रथा बंद होनी चाहिए अन्यथा वैसे ारिवार को लोग स्वयं ही दरकिनार कर देंगे।

## अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**गम्हरिया।** उत्पाद विभाग की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर छोटा गम्हरिया के बाल्मीकि नगर स्थित दो घरों में संचालित हो रहे मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। उन घरों से विभाग द्वारा दो ट्रक अवैध नकली शराब बनाने के समान बरामद किए हैं। वहां से टीम द्वारा 17 ड्रम स्प्रिट, विदेशी शराब के नकली स्टीकर, सैकड़ो नए ढक्कन, नकली शराब, क्यूआर कोड बनाने वाली मशीन एवं पैकिंग और सीलिंग मशीन आदि बरामद किया गया। जिन घरों में कार्रवाई की गई है उनमें एक घर के बाहर मीरा सदन एवं दूसरे घर के बाहर भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आरएभी एजुकेशनल ट्रस्ट के अधीन झारखंड आईटीआई का बोर्ड लगा पाया गया है। इस बावत जानकारी देते हुए आदित्यपुर अंचल के उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर लगातार इस प्रकार की छापामारी की जा रही है जो आगे भी जारी रहेगी। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।

## विधायक संजीव ने 20 योजनाओं का शिलान्यास किया

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**पोटका।** पोटका के विधायक संजीव सरदार ने पोटका प्रखंड क्षेत्र मे बीस योजनाओं का शिलान्यास रविवार को किया। यहा शिलान्यास किये गये योजनाओं मे सड़क निर्माण, श्मशान शेड, शेड, जाहेरथान घेराबंदी आदि शामिल है. शिलान्यास किये गये योजनाओं की लागत लगभग-19.56 करोड़ रुपया है। शिलान्यास के अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड सरकार बेहतर काम कर रही है। उन्होंने पांच साल मे पोटका को हर स्तर मे मजबूत बनाने का काम किया है। यहां जन-जन तक विकास पहुंचाया गया, तो सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया गया। सर्वजने पेंशन योजना के तहत विस क्षेत्र मे शत प्रतिशत जरूरतमंद को पेंशन देने का काम किया जा रहा है, बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चालिस प्रतिशत अनुदान पर ऋण मुहैया कराया जा रहा है। झामुमो माटी की पार्टी है, यह सरकार गरीबों के सरकार है, मां, माटी और मंईयां को सम्मान उनका का हमेशा लक्ष्य रहा है। सभी से अपील होगा कि आनेवाले विधानसभा चुनाव मे झामुमो का साथ दे और पुनः झामुमो की सरकार बनायें, जिससे कि विकास का यह सिलसिला अनावरण चलते रहे। शिलान्यास के अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो महिला मोरचा के जिलाध्यक्ष चंद्रावती महतो, आंदोलनकारी नेता सुनील महतो, हीरामनी मुर्मू, बबलू चौधरी, मुखिया कार्तिक मुर्मू, प्रखंड अद्यक्ष सुधीर सोरेन, सचिव भुवनेश्वर सरदार, जिकरूल होंदा, हितेश भकत, मुखिया बाघराय सोरेन, उपमुखिया ओम प्रकाश गुप्ता, देव पालित, शुभम बोस, राजु गुप्ता, रोहित राम, पूर्वी मुखिया सुबोध सरदार, सीताराम हांसदा, लखींद् सरदार आदि शामिल थे।

## विजया हेरिटेज कदमा की ओर से धूमधाम से निकला वर्जन जुलूस

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** विजया हेरिटेज फेज 1-5, कदमा के निवासियों ने दुर्गा पूजा 2024 को बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाया, जिससे षष्ठी से लेकर दशमी तक के पाँच दिन के इस आयोजन को यादगार बना दिया। उत्सव की शुरूआत उद्घाटन समारोह से हुई, जिसके बाद दैनिक पूजा अनुष्ठान और संध्या आरती का आयोजन किया गया, जिसमें देवी दुर्गा को दीपक और घी या कपूर से आरती अर्पित की गई, साथ ही भजन और मंत्रोच्चारण भी हुआ। निवासियों द्वारा प्रस्तुत धुनुची नृत्य ने पारंपरिक भक्ति और उत्साह का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत, नृत्य और अन्य प्रदर्शन शामिल थे, जिन्होंने सामुदायिक प्रतिभा को उजागर किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया।

## पार्क बनवाया टीएसयूआईएसएल ने, अपने नाम का साईनबोर्ड लगवाया बन्ना ने : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने कहा है कि डिमना रोड के बीच के स्थान पर टीएसयूआईएसएल द्वारा निर्मित पार्क को बनाने का श्रेय झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता ले रहे हैं जो सरासर गलत है। बन्ना गुप्ता ने अनेक साइनबोर्ड लगवा दिये हैं जिन पर लिखा है कि यह उनकी विधायक निधि से बना है जबकि टीएसयूआईएसएल का कहना है कि पूरा निर्माण टाटा स्टील लि॰ द्वारा प्रदत्त निधि से हुआ है और इसमें विधायक निधि अथवा किसी अन्य सरकारी निधि का एक पैसा भी नहीं लगा है। श्री राय ने बन्ना गुप्ता पर जालसाजी और जनता को गुमराह करने का गंभीर आरोप लगाया। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को रविवार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि लोक शिकायत के आधार पर उन्होंने रविवार को डिमना रोड, मानगो का भ्रमण किया तो पाया कि डिमना रोड के बीच के स्थान पर टीएसयूआईएसएल ने पार्क बनाया है। यहां नागरिकों के टहलने के लिए पाथ-वे है, जिम भी है। इस स्थान पर झारखंड सरकार के मंत्री एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री बन्ना गुप्ता ने बड़े अक्षरों में लिखे हुए कई साइनबोर्ड लगवा दिया हैं। इन साईनबोर्डों पर लिखा हुआ है कि यह निर्माण उनकी विधायक निधि से हुआ है। राय के अनुसार, टीएसयूआईएसएल द्वारा कई भागों में बने इस पार्क के विभिन्न हिस्सों का नामकरण उन्होंने कई महापुरुषों के नाम पर करने वाला साईनबोर्ड भी अलग-अलग स्थानों पर लगा दिये गये हैं, जिन पर अंकित है कि यह निर्माण श्री बन्ना गुप्ता की विधायक निधि से हुआ है। मंत्री जी ने इस पार्क के अलग-अलग हिस्सों पर खुद से साइनबोर्ड लगाकर उन पर जिन महापुरुषों का नाम अंकित किया है, उनमें नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, श्री अग्रसेन जी महाराज, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, अमर शहीद भगत सिंह, जननायक कपूर्री ठाकुर, बाबा तिलका माँझी शामिल हैं। ऐसी अनधिकृत चेष्टा कर मंत्री जी ने इन महापुरुषों का अपमान किया है। राय ने पत्र में लिखा है कि इस संबंध में जब उन्होंने टीएसयुआईएल के सक्षम पदाधिकारियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि पार्क का निर्माण कार्य टाटा स्टील लि॰ द्वारा प्रदत्त निधि से हुआ है। इसमें विधायक निधि अथवा किसी अन्य सरकारी निधि का एक पैसा भी नहीं लगा है। श्री राय के अनुसार, मंत्री जी द्वारा टाटा स्टील के खर्च पर बने निर्माण को विधायक निधि से हुआ निर्माण बताना खुली जालसाजी है और जनता को गुमराह करने वाला कृत्य है। आप भी सहमत होंगे कि ऐसी गलतबयानी कर मंत्री जी ने अपने ऊपर कानूनी कार्रवाई को ही आमंत्रित किया है। राय ने पत्र में उपायुक्त से जानना चाहा कि मंत्री जी के अनुसार ये पार्क विधायक निधि से निर्मित है तो इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के पास अनुशंसा कब भेजी? अनुशंसा की स्वीकृति के उपरांत इसका निर्माण किस एजेंसी से कराया गया? इस निर्माण कार्य का प्राक्कलन कितने का था? यह प्राक्कलन कब स्वीकृत हुआ? इस पर कार्यादेश कब जारी हुआ? इसके निर्माण पर मंत्री जी के विधायक निधि से कितनी धनराशि व्यय हुई?

## एक नजर में

### श्री राममंदिर टेल्को का दुर्गोत्सव प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न

श्री राममंदिर टेल्को का मूर्ति विसर्जन सवर्णरेखा नदी तट घाट हुआ। उसके पहले श्री राममंदिर मे महिलाओं द्वारा सिंदूर दान और सिंदूर खेला किया गया और मां को नम आंखों से बिदाई दी। विसर्जन जुलूस के दौरान श्री राममंदिर समिति टेल्को के सभी प्रतिनिधि और सदस्य एक परिधान में दिखे। विसर्जन जुलूस के दौरान हजारीबाग से चल कर आए ताशा बैंड पार्टी आकर्षण का केन्द्र था।

### विजया गोल्डन टाउन मे निकला विसर्जन जुलूस

**जमशेदपुर।** सोनारी स्थित विजया गोल्डन टाउन सोसायटी का देवी दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पूरे धूमधाम के साथ सोसाइटी के चेयरमैन एवं राज्य कांग्रेस के नेता राकेश तिवारी की अगुवाई में संपन्न हुआ श्री तिवारी ने कहा दुर्गा पूजा का 19वां वर्ष है 232 फ्लैट के आवासीय परिसर में विगत 19 वर्षों से पूरी धूमधाम के साथ एवं अनुशासन के साथ देवी दुर्गा की पूजा संपन्न होती आई है आज भी हजारों महिलाएं बच्चे और सोसाइटी के सदस्यों के साथ पूरी श्रद्धा उमंग और अनुशासन में रहते हुए इसी आशा विश्वास के साथ देवी दुर्गा फिर अगले वर्ष इसी उत्साह के साथ आएंगी और उनकी कृपा सभी सोसाइटी वासीयो पर सदैव बनी रहेगी श्री तिवारी ने सभी सोसाइटी वासीयो को विजयदशमी की शुभकामनाएं एवं बधाई दी एवं कहा सबके सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष पूजा पूरे उमंग और उत्साह के साथ संपन्न हुई सबका बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करते हैं विसर्जन समारोह में पूजा कमेटी के संयोजक श्री सुशांतो चटराज अध्यक्ष श्री सपन मुखर्जी उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह महासचिव अनिल महतो सचिव शंकर लाल सिन्हा पराग भट्टाचार्य दीपांकर भट्टाचार्य कोषाध्यक्ष अध्यक्ष जैन तो गुहा शिशिर कुमार मिश्रा श्री शत्रुघ्न पांडे टी एन बारिक अनिल गुलाटी रामाधार राय ए के दत्ता डी के डे सत्यनारायण नंदा जगतार सिंह नागी उमेश चंद्र झा अमिताभ गुहा समेत सैकड़ो महिलाएं बच्चे शामिल थे।

### तहरीक-ए-अदब में 28 दुर्गापूजा कमेटियों का किया अभिनंदन

**जमशेदुपर।** टेल्को की चर्चित सामाजिक संस्था तहरीक-ए-अदब की ओर से टेल्को, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा एवं आस-पास से आये 28 दुर्गापूजा विसर्जन जुलूस का स्वागत किया। टेल्को वर्कर्स यूनियन भवन के सामने आयोजित स्वागत समारोह में कमेटियों के पदाधिकारियों को साफा बांध कर एवं लड्डू खिला कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान विजया दशमी मिलन समारोह के तहत टेल्को थाना प्रभारी श्री शैलेन्द्र कुमार का अभिनंदन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम बहुत ही उत्साह से तहरीक-ए-अदब के संस्थापक इम्तियाज अहमद एंड टीम द्वारा किया गया।

### मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि देकर भारत रत्न देने की मांग भी की

**जमशेदपुर।** मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप सह वरिष्ठ नागरिकों ने कदमा सोनारी लिंक रोड में देश के रतन, टाटा समुह के पूर्व चेयरमैन व पद्म भूषण रतन, मानवता के मसीहा रतन एवं देश के हर एक व्यक्ति के अपने रतन टाटा जी के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। आज सुबह में मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप के द्वारा उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी गयी। सदस्यों ने कहा उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। वे युगों युगों तक याद किए जाते रहेंगे। श्रीकांत देव एवं सुधाकर लाल दास जी ने कहा कि जीते जी तो केंद्र सरकार उन्हें भारत रत्न नहीं दे सकी पर कम से कम मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न पुरस्कार दी जाय।

### 22 फीट काली पूजा कमिटी ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** 22 फीट काली पूजा कमिटी ने उद्योग जगत के दिग्गज और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को एक विशेष समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह और महामंत्री आर.के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कमिटी के अध्यक्ष पप्पू मिश्रा ने कार्यक्रम की अगुवाई की। समारोह में कमिटी के सदस्यों में प्रदीप राजवार, नवीन सोलंकी, हेमंत सिंह, आलोक, अरविंद तिवारी, गोल्डन, पिंटू मिश्रा, सनी, धीरज, हिमांशु, गोलू और अभिनव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। सभी ने रतन टाटा के अमूल्य योगदान को याद किया और उन्हें एक प्रेरणा स्रोत बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही रतन टाटा को उनके सामाजिक और औद्योगिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए याद किया गया गया व उनके जीवन और कार्यों को आदर्श मानते हुए सभी ने उनके द्वारा स्थापित मूल्यों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का प्रण लिया गया। जमशेदपुर। स्वदेशी जागरण मंच ने टाटा संस के मानद चेयरमैन श्री रतन टाटा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी जोन से सदस्य सह चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने रतन टाटा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये कहा कि रतन टाटा ने एक उद्यमी के तौर पर देश को एक नई राह दिखाई और देश के औद्योगिक विकास को नई ऊँचाई पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने टाटा घराने के व्यवसाय को न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी टाटा का लोहा मनवाया। विदेशों में बड़े औद्योगिक ईकाईयों का अधिग्रहण कर उसे आगे बढ़ाया। उनके कमी देश के औद्योगिक पटल को हमेशा खलेगी। वे एक राष्ट्रभक्त भी थे जिन्होंने देश में जब कभी विपदा आई तो आगे बढ़कर एक समाजसेवी की तरह अपना योगदान दिया। यह देश उनके योगदानों को कभी नहीं भूलेगा। स्वदेशी जागरण मंच उनकी स्वदेशी भावना से प्रेरित होकर किये गये औद्योगिक विकास के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करता है। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह ने कहा कि श्री रतन टाटा देश के ऐसे इतिहास पुरूषों में शामिल हैं जिन्होंने स्वदेशी को एक नया आयाम दिया और रास्ता दिखाया चाहे वह स्टील निर्माण के क्षेत्र में हो, वाहन निर्माण के क्षेत्र में हो या ऐसे कई उत्पाद जिनका निर्माण देश में संभव किया और उन्हें विदेशी उत्पादों के समकक्ष या उससे बेहतर बनाकर खड़ा किया। रतन टाटा हमेशा स्वदेशी के लिये पूज्य रहेंगे। इस अवसर स्वदेशी जागरण मंच के जे.के.एम. राजू, मंजू ठाकुर, राजपति देवी, अमित मिश्रा, पंकज कुमार सिंह, मुकेश ठाकुर, घनश्याम दास, मुकेश कुमार, आदर्श कुमार, गुरजीत सिंह, अभिषेक बजाज आदि ने भी श्री रतन टाटा के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

